पत्र सूचना शाखा,

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

———————

राज्यपाल ने ईद की बधाई दी

लखनऊः 28 जुलाई, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने ईद–उल–फितर के शुभ अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों, विशेषकर मुस्लिम भाई–बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में सभी लोगों की सुख–समृद्धि की कामना करते हुए कहा है कि ईद का पर्व हमें एकता, आपसी भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम देता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ईद का पर्व देश एवं प्रदेश में भाईचारा, सहयोग और शांति को अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

——————

अंजुम / रा0 / राजभवन——